# जमीन पर उतरें, जनता से मिलें मंत्री

## अनौपचारिक कैबिनेट में सीएम ने मंत्रियों को दी कड़ी नसीहत



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों को अनिवार्य रूप से फील्ड भ्रमण की नसीहत दी है, उन्होंने कहा कि जमीन पर राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की क्या स्थिति है, इसका सही पता तब ही चलता है, जब हम भी जमीन पर उतरें और लोगों से मिले.**

जन विश्वास अभियान का उद्देश्य भी यही है. इस अभियान के कारण न केवल जमीनी समस्याऐं पता चल रही हैं, बल्कि निराकरण का मार्ग भी प्रशस्त होता है. अभियान का तीसरा शुक्रवार 21 अगस्त को आ रहा है. इस दिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव टीकमगढ़ जिले के दौरे पर रहेंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान जन विश्वास अभियान को लेकर मंत्रियों से फीडबैक लिया. इस दौरान उन्होंने मंत्रियों को अभियान के दौरान अनिवार्य रूप से फील्ड पर रहने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी द्वारा लाल किले से संबोधन के दौरान घोषित संकल्प की चर्चा भी मंत्रियों से की और भरोसा दिलाया कि मप्र उनकी सिद्धि में मध्यप्रदेश अपना अधिकतम योगदान देगा. पांच से 15 उम्र के बच्चों में खेल प्रतिभा ढूंढने के लिए गांव-गांव, शहर-शहर, स्कूल-स्कूल एक टैलेंट हंट का अभियान चलाया जाएगा, बच्चों की प्रतिभा को देखा जाएगा और फिर उनको स्पेशल ट्रेनिंग देकर अच्छा खिलाड़ी बनाया जायेगा. युवाओं के लिए विभिन्न परीक्षाओं की फ्री ऑनलाइन कोचिंग कराने का निर्णय लिया गया है, जिसमें संसाधनों को जोड़ कर नौजवानों को फ्री कोचिंग देने का पूरा नेटवर्क खड़ा किया जायेगा.

### सबसे अधिक प्रस्ताव देने वालों में मप्र दूसरे स्थान पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नई दिल्ली में 17 अगस्त को उन्होंने केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और केंद्रीय उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल के साथ भव्य योजना के तहत बैठक में सहभागिता की, जिसमें मप्र सरकार ने 11 औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने के लिए भूमि आवंटित कर प्रस्ताव बैठक में दिए. सर्वाधिक प्रस्ताव भेजने में मप्र देश में दूसरे स्थान पर रहा.




# सीलिंग के खिलाफ सड़क पर व्यापारी

## कॉलोनियों में व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई का विरोध

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. राजधानी में मंगलवार को शहर के सभी व्यापारी संगठनों ने रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन किया. यह प्रदर्शन नगर निगम द्वारा आवासीय कॉलोनी में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए की जा रही सील बंदी की कार्रवाई के विरोध में किया. व्यापारियों ने नगर निगम और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की.**

इस प्रदर्शन में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इसमें अरेरा कॉलोनी, रोहित नगर, 10 नंबर, बैरागढ़, आनंदनगर, पुराने शहर करोंद, छोला सहित अन्य क्षेत्र के व्यापारी शामिल रहे. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शहर में हजारों की संख्या में व्यापारियों के साथ कर्मचारी भी बेरोजगार हो जाएंगे. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार को गुजरात मॉडल यहां भी लागू करना चाहिए. गुजरात में मिक्सड लेंड यूज करने को प्रावधान है. जिसे गुजरात सरकार ने 2022 में लागू किया था. कार्रवाई के विरोध में ब्यूटी पार्लर का संचालन कर रही महिलाएं भी सड़क पर उतर आईं. उन्होंने सड़क पर ही मेकअप कर अपना विरोध जताया. महिलाओं से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे रोजगार का क्या होगा. हम कहां जाएंगे. सरकार को हमारे लिए कोई रास्ता निकालना चाहिए.

### समाधान निकाले सरकार : गोयल

भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोविंद गोयल ने कहा कि इन कारोबारों से बड़ी संख्या में कर्मचारी और परिवार जुड़े हैं. सरकार लाखों लोगों को बेरोजगार नहीं कर सकती. सरकार सीलिंग की कार्रवाई न कर कोई समाधान निकालना चाहिए, ताकि नियमों के पालन के साथ लोगों का रोजगार भी बचा रहे.

### नगर निगम ने दिए 599 नोटिस

उधर, नगर निगम के द्वारा आवासीय कॉलोनियों में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस देने की प्रक्रिया लगातार जारी है. इसी क्रम में मंगलवार को निगम के भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा 599 नोटिस जारी किए गए. इन नोटिसों को मिला कर अभी तक 7158 नोटिस जारी किए जा चुके हैं.

# निजी जमीन से हटाया 35 साल पुराना कब्जा

## न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

### 40 मकानों पर चला बुलडोजर

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. नारियलखेड़ा में करीब 35 साल से निजी जमीन पर कब्जा कर बनाए गए मकानों और दुकानों को हटाने के लिए मंगलवार को प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया.**

जिला न्यायालय के आदेश के पालन में हुई कार्रवाई के दौरान प्रशासन, पुलिस और नगर निगम का अतिक्रमण अमला मौजूद रहा. कार्रवाई सुबह करीब सात बजे शुरू हुई.



जानकारी के अनुसार, करीब 0.75 एकड़ निजी जमीन पर लगभग 40 लोगों ने कब्जा कर रखा था. कब्जाधारियों ने यहां तीन मंजिल तक के पक्के मकान और दुकानें बना ली थीं. जमीन के मालिक अविनाश जौहरी ने वर्ष 2005 में कब्जा हटाने के लिए जिला न्यायालय में मामला दायर किया था. न्यायाधीश पलक राय ने जमीन पर उनका मालिकाना हक मानते हुए जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाकर कब्जा दिलाने के आदेश दिए थे.

प्रशासन ने कार्रवाई की तैयारी की, लेकिन कब्जाधारी हाईकोर्ट से स्थगन आदेश लेकर आ गए. इसके बाद स्टे हटवाने और दोबारा स्टे लेने का सिलसिला करीब तीन साल तक चलता रहा. अंत में हाईकोर्ट से निजी जमीन पर कार्रवाई के खिलाफ स्थगन नहीं मिलने के बाद मंगलवार को कार्रवाई की गई.

### टैक्सी बंद होने से यात्री हुए परेशान

**भोपाल.** टैक्सी चालकों की हड़ताल से राजधानी में यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है. ओला, उबर समेत करीब 3500 टैक्सियों के पहिए थमने से रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर यात्रियों को कैब नहीं मिल रही. मजबूरी में ऑटो लेना पड़ रहा है. यात्रियों ने बताया कि ऑटो चालक सामान्य किराए से डेढ़ से दो गुना तक किराया मांग रहे हैं. टैक्सी चालक न्यूनतम और प्रति किलोमीटर किराया तय करने समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. वे 22 से 30 रुपये प्रति किलोमीटर किराया और निजी नंबर वाले वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर रोक की मांग कर रहे हैं. आंदोलन के अगले चरण में 19 अगस्त को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर प्रदर्शन प्रस्तावित है.

### ढाबा कर्मचारी और तीन युवकों में मारपीट

**भोपाल.** खजूरी सड़क थाना इलाके में मंगलवार को एक ढाबे पर विवाद का मामला सामने आया. फरियादी गंगाराम मरकाम ढाबे पर काम करता है. सोमवार देर रात पांच लड़के पहुंचे. सामान खाना देने में समय लगने पर विवाद होने लगा. तीन आरोपियों ने उनके साथ झूमाझटकी की. काउंटर शिकायत कराते हुए फरियादी विशाल अटारिया निवासी राजेन्द्र नगर ने पुलिस को बताया कि रोहन पाल और अमन खान के साथ वह ढाबे पर खाना खाने गए था. खाने में हो रही देरी का कारण पूछने पर कर्मचारी ने गाली गलौज कर मारपीट की. इस दौरान तीनों युवकों के मोबाइल भी टूट गए. पुलिस मामले की जांच की जा रही है.

# लिफ्ट लेकर लूटपाट करने वाला गिरोह शहर में सक्रिय

### 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 18 अगस्त. शहर में इन दिनों बाइक सवारों से लिफ्ट लेकर लूटपाट करने वाला गिरोह सक्रिय है. गांधीनगर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गांधी नगर में दो और सूखी सेवनिया थाने में एक मामला दर्ज है.**

अयोध्या एक्सटेंशन में रहने वाले डॉ. हेमराज जाटव (45) के साथ 14 अगस्त को रात में लूट की वारदात हुई. हेमराज रायसेन से लौट रहे थे. रत्नागिरी चौराहे के पास उनसे दो लोगों ने लिफ्ट मांगी. हेमराज ने दोनों को लिफ्ट दे दी. युवकों ने जहां उतरने का बोला था, वहां वे बाइक से नहीं उतरे. दोनों ने उन्हें धमकाया और एक ने खुद ही बाइक चलानी शुरू कर दी. दोनों आरोपी हेमराज को कोकता बायपास मार्ग पर सुनसान इलाके में लेकर गए और हेमराज की बाइक, मोबाइल फोन, लैपटाप सहित सामान लूटकर भाग निकले. सूखी सेवनियां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया. इससे पहले इसी तरह की दो घटनाएं गांधी नगर इलाके में हुई थीं.

# कर्मचारियों ने मंत्रालय पर किया प्रदर्शन

## सीपीसीटी 100% वेतन देने, कैशलेस इलाज की मांग

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. मंत्रालय भवन पर मंगलवार को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के बेनर तले कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया.**

संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों की तरह प्रदेश में कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को 8 महीने बीतने के बाद भी अभी तक महंगाई भत्ता नहीं दिया गया है. संघ की सरकार से मांग है कि तृतीय वर्ग के कर्मचयारियों को 2% महंगाई भत्ता महंगाई राहत 1 जनवरी 2026 से प्रदान करने, नवनियुक्त कर्मचारियों को 3 वर्ष तक 70, 80, 90% का बंधन हटाने, अनुकंपा नियुक्ति में सीपीसीटी की बाध्यता समाप्त करने, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने और ई-अटेंडेंस खत्म करने की मांग की.




प्रदेश अध्यक्ष अतुल मिश्रा के नेतृत्व सभी जिला मुख्यालयों के साथ भोपाल में मंत्रालय पर प्रदर्शन कर भोपाल जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम पर ज्ञापन सौंपा.

# रीजनल स्कूल के विलय के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

**भोपाल, 18 अगस्त. राजधानी में मंगलवार को रीजनल स्कूल को केंद्रीय विद्यालय संगठन में मर्ज किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में करीब 300 से 400 छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया.**

छात्रों ने हाथों में 'सेव डीएमएस' के पोस्टर लेकर नारेबाजी की और रीजनल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके गुप्ता को ज्ञापन सौंपा. छात्रों ने मांगें नहीं माने जाने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि डेमोस्ट्रेशन मल्टीपर्पज स्कूल सामान्य विद्यालय नहीं, बल्कि शिक्षा में प्रयोग और नवाचार के लिए स्थापित संस्थान है. अभिभावकों ने भी इसके अलग शैक्षणिक स्वरूप को बनाए रखने की मांग की है.

अभिभावकों की चिंता है कि केवीएस में विलय के बाद प्रवेश नीति बदल सकती है, जिससे मौजूदा और भविष्य के विद्यार्थियों के सामने परेशानी खड़ी हो सकती है. स्कूल में नर्सरी से 12वीं तक करीब 1000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं. अभिभावकों ने स्कूल के वोकेशनल पाठ्यक्रम, शिक्षकों और विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर भी सरकार व एनसीईआरटी से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है.

# सख्त कार्रवाई : ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

**भोपाल, 18 अगस्त. संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने आबकारी विभाग को संभाग में ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि ड्रग्स की बिक्री या तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए जाएं.**

साथ ही दोषियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाए. उन्होंने कहा कि भोपाल संभाग को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए विभाग प्रभावी कार्रवाई करे. मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय में आबकारी विभाग की संभागीय समीक्षा



बैठक में उन्होंने अवैध शराब की बिक्री, परिवहन और भंडारण रोकने के लिए लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए.

उन्होंने आबकारी विभाग को अपना सूचना तंत्र मजबूत करने और पुलिस के साथ समन्वय बढ़ाने को कहा. शराब दुकानों का नियमित निरीक्षण कर एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक्री रोकने के निर्देश भी दिए गए. बैठक में आबकारी राजस्व, प्रत्याभूत ड्यूटी, भांग खपत, विदेशी मदिरा, माल्ट-बीयर खपत और डिस्टिलरी-ब्रूवरी सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गई. अधिकारियों को लाइसेंस फीस समय पर जमा कराने और राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

### पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**भोपाल.** तलैया इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ युवक ने मारपीट कर दी. मंगलवार को पीड़ित जाफरी मोहम्मद रजा (26) निवासी अमन कॉलोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. रजा ने पुलिस को बताया कि सोमवार देर रात वह अपने घर से इकबाल मैदान के पास अस्पताल बच्चों की दवा लेने जा रहा था. तभी आरोपी अबरार उर्फ गोलू निवासी मुरली नगर उसे देवकी नगर पुलिया के पास मिला. पुरानी रंजिश को लेकर अबरार ने रजा से पहले गाली गलौच की. इसके बाद उसने जान से मारने की धमकी देते हुए रजा के साथ मारपीट कर दी.

# काजी कैंप के रहवासियों ने मांगा उचित मुआवजा

## जनसुनवाई : रेल परियोजना के लिए अधिग्रहीत की जा रही जमीन

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 161 आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं. शासकीय व निजी भूमि पर अवैध कब्जे, पेंशन, नामांतरण, पट्टे, मुआवजा सहित विभिन्न मामलों को लेकर पहुंचे लोगों की कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सुनवाई की.**

कुछ मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि अन्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए गए. इस दौरान एडीएम प्रकाश नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.



मेट्रो रेल परियोजना के लिए अधिग्रहीत की जा रही जमीन और मकानों के मुआवजे को लेकर काजी कैंप के रहवासियों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा. मकान नंबर 7 निवासी प्रदीप सिंह और दीपेंद्र सिंह तथा मकान नंबर 14 निवासी अब्दुल खालिक ने मुआवजा कम दिए जाने की शिकायत की.

आवेदकों के अनुसार, 29 जुलाई को उनके खातों में क्रमशः 13.63 लाख रुपये और 3.37-3.37 लाख रुपये जमा किए गए. उनका आरोप है कि निर्मित मकान का मूल्यांकन महज 7 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से किया गया, जबकि काजी कैंप में व्यावसायिक भूखंड की दर करीब 55 हजार रुपये और निर्मित व्यावसायिक भवन की लागत करीब 95 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर है.

# याचिका खारिज : नहीं मिलेगी बिना सीबीआई जांच के राहत

**जबलपुर/ भोपाल, 18 अगस्त. मप्र हाईकोर्ट ने राज्य के बहुचर्चित नर्सिंग घोटाले से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बेहद महत्वपूर्ण व सख्त आदेश जारी किया है. कोर्ट ने उन नर्सिंग संस्थानों और उनके छात्रों को किसी भी प्रकार की राहत देने से स्पष्ट इनकार कर दिया जो सीबीआई जांच से बच रहे हैं.**

जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि ये संस्थान शिक्षा देने के बजाय कमर्शियल दुकानों की तरह चलाए जा रहे हैं. बिना फैकल्टी और बिना इंफ्रास्ट्रक्चर बिना प्रैक्टिकल के डिग्रियां बांटने को न्यायालय ने जनसामान्य व मरीजों के स्वास्थ्य के साथ बड़ा खिलवाड़ माना. कोर्ट द्वारा बार-बार पूछे जाने पर भी जब किसी कॉलेज ने सीबीआई जांच का सामना करने की रजामंदी नहीं दी, तो न्यायालय ने परिणाम घोषित करने और अगली कक्षा में प्रवेश की मांग वाली सभी अंतरिम याचिकाओं को खारिज कर दिया. मामले में महाधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर कोर्ट ने पाया कि अनसुटेबल कॉलेजों के कुल 4,475 जीएनएम विद्यार्थियों में से 2,395 विद्यार्थियों को सुटेबल यानी मान्यता प्राप्त कॉलेजों में स्थानांतरित कर दिया गया है.

### यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल.** जीआरपी ने चलती ट्रेन में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी युवक चार्जिंग पर लगे और यात्रियों की जेब में रखे मोबाइल चोरी करता था. फरियादी राजनारायण सिंह निवासी आगरा ने शिकायत दर्ज कराई थी. राजनारायण सोमवार को उज्जैन से ग्वालियर की यात्रा मेमो ट्रैन से कर रहे थे. यात्रा के दौरान उनका 20 हजार की कीमत का फोन सीहोर रेल्वे स्टेशन पर अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया. पुलिस ने स्टेशन चैकिंग सीहोर के दौरान सन्देही वासुदेव (28) निवासी नागपुर को पकड़ कर पूछताछ की. आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया और पुलिस ने चोरी गया मोबाइल भी उसके पास से जब्त किया.


**फॉलोअप** ▶ श्यामला हिल्स हत्याकांड, तीन बार नाकाम हुए आरोपी

# एआई जनरेटेड वीडियो देखकर की थी हत्या

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 18 अगस्त. श्यामला हिल्स इलाके में 17 साल के किशोर की हत्या के मामले में पुलिस की पूछताछ में आरोपियों के मंसूबों और वारदात से जुड़ी कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं. एसीपी संतोष पटेल ने बताया कि आरोपियों ने मानव अंग तस्करी से जुड़ा एआई जनरेटेड वीडियो देखकर किशोर की हत्या की थी.**

वीडियो में विदेश में मानव अंग बेचकर करोड़ों रुपये कमाने का दावा किया गया था. इसके लिए उन्होंने करीब 15 दिन तक



ऐसे नाबालिग की तलाश और रेकी की जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हो और जिसके पीछे मजबूत पारिवारिक सहारा नहीं हो. पुलिस ने मुख्य आरोपी बुधवारा निवासी बीबीए छात्र जोहेब और आमिर को कोर्ट में पेशकर हिरासत में लिया है. उनसे पुलिस खून से सने कपड़े, अपराध में उपयोग की गई बाइक बरामद करेगी. पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जोहेब ने वीडियो कॉल के माध्यम से उसे तरीका समझाया. इसके बाद आमिर ने दोबारा प्रयास किया. जब इसके बाद भी सफलता नहीं मिली तो घटना से संबंधित वीडियो व्हाट्सऐप के जरिए भेजा गया. पुलिस का दावा है कि इसके बाद किशोर की हत्या कर दी गई.

### ऑनलाइन खरीदे मेडिकल उपकरण

एसीपी ने बताया पुलिस आरोपियों को साथ लेकर छोटे और बड़े तालाब में उस निजी अंग की तलाश करेगी. जोहेब ने अंग काटने के लिए ऑनलाइन मेडिकल उपकरण मंगाया था. किशोर के शव की जांच के दौरान कमर के दोनों तरफ कट के निशान मिले हैं. इससे पुलिस को आशंका है कि शरीर के अंदरूनी अंगों तक पहुंचने या उन्हें निकालने का भी प्रयास किया गया हो सकता है. हालांकि, लीवर, किडनी व अन्य आंतरिक अंगों को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचा है या नहीं, इसकी पुष्टि फाइनल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी.

### दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**भोपाल.** अवधपुरी इलाके में सड़क एक दुकान का ताला रात में तोड़कर चोरी की वारदात हुई. दुकान संचालक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है. जानकारी के मुताबिक भीमसिंह निवासी खजूरी कला दुकान चलाते हैं. रविवार को वह रात में दुकान बंद कर घर चले गए. अगली सुबह जब वह दुकान पहुंचे तो वहां का ताला टूटा मिला. दुकान के अंदर रखे करीब 2600 रुपए नकद और करीब 15 हजार रुपए का सामान गायब मिला. भीमसिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कराया. पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.